-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति-5.O अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में शक्ति कार्यशाला का किया गया आयोजन। मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता अभियान के बढ़ावा देने हेतु महिला पुलिसकर्मियों को विभिन्न कानूनी प्रावाधानों एवं योजनाओं के बारे में दिया गया प्रशिक्षण।**
- **प्रशिक्षण कार्यशाला के उपरांत श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मिशन शक्ति जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामों, कस्बों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों पर जागकर महिलाओं/बालिकाओं किया जायेगा जागरुक।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के क्रम में **आज दिनांक 17.10.2024 को पुलिस लाइन बांदा** में **श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह** की अध्यक्षता में **"शक्ति कार्यशाला"** का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि जनपद में **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल** के निर्देशन में व्यापक मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें महिला पुलिसकर्मियों विशेषकर महिला बीट आरक्षियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसी को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महिला पुलिसकर्मियों को कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों को आवश्यक ज्ञान और संसाधनों से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति बेहतर ढंग से जागरूक कर सकें। कार्यशाला में **घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम, तथा महिला अधिकार संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न प्रतिषेध अधिनियम (POSH ACT)** जैसे कई महत्वपूर्ण कानूनों के प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला पुलिस कर्मियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से सशक्त बनाना है। इसके अलावा, महिला पुलिस कर्मियों को **विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं, जैसे 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा)** के उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। ये हेल्पलाइन सेवाएं संकट के समय में त्वरित सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं, जिनकी जानकारी महिला पुलिस कर्मियों को देकर यह सुनिश्चित किया गया कि जागरुकता अभियान के माध्यम से वे इसे अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं/बालिकाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। कार्यशाला के दौरान **महिला पुलिसकर्मियों को एस0के0 ताइकाण्डो स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षकों सुमन, मधु और अमित द्वारा आत्मरक्षा के विभिन्न साधनों जूडो, कराटे आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया**। प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी स्थानीय स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं को उनके

अधिकारों, सुरक्षा उपायों, और विभिन्न सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करेंगी साथ ही उन्हे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी देंगी । इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है । इस दौरान मिशन शक्ति जागरुकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालन करने वाली **12 महिला पुलिसकर्मियों को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सम्मानित किया गया ।** कार्यशाला के उपरांत **श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मिशन शक्ति जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया ।** रैली स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामों, कस्बों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करेगी । बांदा पुलिस द्वारा पूर्व से ही शक्ति दीदी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बालिकाओं/छात्राओं द्वारा अपने बीट की महिला पुलिसकर्मियों के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया एकांट्स में लगाया जा रहा है, इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइंट्स लगाए जा रहे हैं । शक्ति कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नरैनी/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजवीर सिंह गौर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्र आदि उपस्थित रहे ।